भारत सरकार
गृह मंत्रालय
**राज्य सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 188***
दिनांक 11.05.2016/21 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**पठानकोट आतंकवादी हमले में पाकिस्तान का शामिल होना**

***188. श्री पि. भट्टचार्य :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पाकिस्तान के संयुक्त जांच दल के हाल के भारत दौरे के दौरान पठानकोट आतंकवादी हमले में पाकिस्तान के शामिल होने के प्रमाण प्रदान कर दिए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या पाकिस्तान का संयुक्त जांच दल उक्त हमले में पाकिस्तान आधारित आतंकवादी के शामिल होने के संबंध में भारत द्वारा सौंपे गए प्रमाण से संतुष्ट था; और
(ग) क्या पाकिस्तान सरकार ने संयुक्त जांच दल की रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इस पर भारत की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) से (ग) : एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है ।**

*****

**दिनांक 11.05.2016 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 188 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) : राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने, पठानकोट एयरबेस आतंकवादी हमले के संबंध में पाकिस्तान के संयुक्त जांच दल (जे आई टी) द्वारा दिनांक 27-31 मार्च, 2016 तक किए गए भारत के दौरे के दौरान उन्हें पाकिस्तान आधारित आतंकवादी समूह/लोगों की संलिप्तता दर्शाते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्टों, चिकित्सा विधिक रिपोर्टों (एमएलआर), कॉल डाटा रिकार्डों (सीडीआर), डीएनए रिपोर्टों, अपराध-स्थल से मिली वस्तुओं से संबंधित जब्ती मेमो और महत्वपूर्ण गवाहों के बयानों की प्रमाणित प्रतियों जैसे साक्ष्य मुहैया कराए हैं।

(ख) और (ग) : इस मामले की कथित रुप से पाकिस्तान में जांच चल रही है। सरकार ने पाकिस्तान के विदेश सचिव के साथ भारत के विदेश सचिव की दिनांक 26 अप्रैल, 2016 को दिल्ली में हुई बैठक के दौरान पठानकोट एयरबेस आतंकी हमले की जांच पाकिस्तान में शीघ्र कराए जाने और उसमें स्पष्ट प्रगति दिखाई पड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

-----